# 26


# SSC GD 2024

## DATE : 27-02-2024

## (SHIFT- 2:30 pm to 3:30 pm)

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1.** निम्नलिखित प्रश्न आकृतियों में दर्शाए गए अनुसार कागज के एक टुकड़े को मोड़कर उसमें छेद किया जाता है। दी गई विकल्प आकृतियों में से बताइए कि खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा

POL15, ?, RSR19, SUU21, TWX23, UYA25

(1) QQO16 (2) QPM16
(3) QQO17 (4) QPM17

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी

?, 36, 54, 72, 90, 108

(1) 18 (2) 12 (3) 16 (4) 24

**4.** नीचे दिए गए दो चिन्हों को आपस में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही होगा?

× और +

I. $4 \times 3 + 6 - 7 \div 1 = 15$
II. $7 + 5 \times 2 - 8 \div 4 = 33$

(1) I और II दोनों
(2) न तो I और न ही II
(3) केवल II
(4) केवल I

**5.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षर-युग्म का चयन कीजिए


IGTW: JHUX :: ?



(1) ULDX: RUXT
(2) FXQN: GYRO
(3) RSHP: NDLM
(4) NTUV: DXKU



**6.** सात लड़के P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हो)। V, R के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। U, R के ठीक बाईं ओर बैठा है। P, T के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। S और T, Q के निकटतम पड़ोसी हैं। R के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?

(1) U (2) P
(3) T (4) Q

**7.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**8.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों का चयन कीजिए

GHL: LMQ:: YXM:?

(1) MJY (2) PON
(3) DCR (4) XVU

**9.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MORAL को '57638' लिखा जाता है, 'RIAL' को '3859' लिखा जाता है, 'METRE' को '52172' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'L' को कैसे लिखा जायेगा

(1) 7 (2) 3
(3) 6 (4) 5

**10.** एक निश्चित कूट भाषा में 'LATEST' को 'RQCRYJ' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'GOLDEN' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) LCBIME (2) LCBJNE
(3) LCBJME (4) LCAJME

**11.** पांच मित्र P, B, C,G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। H, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। B, H के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। P,C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है

(1) B (2) G
(3) P (4) H

**12.** एक महिला की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए, राम ने कहा, "वह मेरी मां की बेटी की बहन है"। वह महिला राम से किस प्रकार संबंधित है?

(1) बहन (2) मां
(3) पत्नी (4) बेट

**13.** दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए

44, 13, 50, 9, 52, ?

(1) 4 (2) 6
(3) 7 (4) 9

**14.** नीचे दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रम के अनुसार व्यवस्थित करने पर, कौन-सा शब्द तीसरे स्थान पर आएगा

1. Principal
2. Prince
3. Principle
4. Princess
5. Princely

(1) Principle (2) Princess
(3) Principal (4) Princely

**15.** निम्नलिखित अक्षर समूहों में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?

efgefge_ge_gef_ef_efg

(1) efeg (2) ffgg
(3) fege (4) gefe

**16.** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी?




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**17.** निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथन और उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए है। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो। सभी निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:

I. कुछ मोबाइल, घड़ी हैं।

II. कोई घड़ी, लैपटॉप नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कोई लैपटॉप, मोबाइल नहीं है।

II. कुछ लेपटॉप, घड़ी नहीं है।


(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है



(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है



(3) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

(4) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं


**18.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।








(1)  (2) 

(3)  (4) 

**19.** निम्नलिखित प्रश्न में दी गई आकृतियों के अनुसार कागज के एक टुकड़े को मोड़कर उसमें छेद किया जाता है। विकल्पों में दी गई आकृतियों में से बताइए कि खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**20.** यदि 40 * 30 # 20 @ 10 = 1230 और 70 * 6 # 10 @ 3 = 433 है, तो 8 * 4 # 5 @ 9 = ?

(1) 40 (2) 46 (3) 50 (4) 60

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** निम्नलिखित में से किस त्योहार का संबंध पारंपरिक रूप से जल्लीकट्टू से है?

(1) विशु (2) शिवरात्रि

(3) पोंगल (4) ओणम

**22.** अगस्त 2023 में, फार्मेसी (संशोधन) विधेयक-2023 लोकसभा में पारित किया गया था। यह फार्मेसी अधिनियम, करता है

(1) 1948 (2) 1965

(3) 1983 (4) 1955

**23.** बैडमिंटन में, कलाई और अग्रबाहु (forearm) के अचानक से तेजी से घुमाव (rotation), जो एक धीमे दिखाई पड़ने वाले शॉट को एक तेज पासिंग शॉट (passing shot) में बदलकर प्रतिद्वंद्वी को आश्चर्यचकित कर देता है; जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से सर्व और नेट पर किया जाता है, कहलाता है।

(1) ड्रॉप (2) फाल्ट

(3) फ्लिक (4) किल

**24.** बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार शोनार बांग्ला' निम्नलिखित में से किसने लिखा था?

(1) स्वामी योगानंद परमहंस

(2) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(3) श्यामलाल गुप्ता

(4) हसरत मोहानी

**25.** निम्नलिखित में से कौन, मौर्य साम्राज्य का दूसरा शासक था?

(1) बिंदुसार (2) बृहद्रथ

(3) अशोक (4) चन्द्रगुप्त मौर्य

**26.** ____क्रांति के कारण भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन गया और इसके केंद्रीय भंडार (central pool) में पर्याप्त भंडार मौजूद था, यहां तक कि एक समय पर, भारत खाद्यान्न निर्यात करने की स्थिति में भी था।

(1) श्वेत (2) हरित

(3) तेल (4) औद्योगिक

**27.** केरल की कौन-सी शास्त्रीय नृत्य नाटिका अपने जीवंत श्रृंगार, विस्तृत वेशभूषा ओर अतिरंजित चेहरे के भावों के लिए प्रसिद्ध है, जो अक्सर रामायण की कहानियों को चित्रित करते हैं?

(1) कथक (2) मणिपुरी

(3) भरतनाट्यम (4) कथकली

**28.** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग का संबंध संविधान के संशोधन से है?

(1) भाग XIX (2) भाग XXII

(3) भाग XXI (4) भाग XX

**29.** निम्नलिखित में से किस मैदान में रणजी ट्रॉफी 2022/23 के फाइनल की मेजबानी की गई?

(1) ईडन गार्डन

(2) एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम

(3) वानखेड़े स्टेडियम

(4) अरुण जेटली स्टेडियम

**30.** ____सरकार द्वारा निगर्मित बंधपत्र (bonds) की खरीद और बिक्री कहलाती है।

(1) बंद बाजार की क्रियाएं

(2) नैतिक दबाव

(3) सीमांत आवश्यकता

(4) खुले बाजार की क्रियाएं

**31.** भारत के तमिलनाडु राज्य में कलाकारों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित करने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(1) बालासरस्वती

(2) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

(3) कलाश्री

(4) कलैमामणि

**32.** चार्ल्स के नियम में____।

(A) दाब स्थिर रखा जाता है

(B) गैस के मोल की संख्या स्थिर है

(C) आयतन तापमान के अनुक्रमानुपाती होता है

(1) A, B, C तीनों सत्य हैं

(2) A और C दोनों सत्य हैं

(3) केवल B और C सत्य हैं

(4) A और B दोनों सत्य हैं

**33.** द्वितीयक क्षेत्रक में सामान्यत: किस प्रकार की गतिविधियां की जाती हैं?
(1) प्राकृतिक संसाधनों का निष्कर्षण
(2) कच्चे माल से परिष्कृत उत्पाद तैयार करना
(3) फसलें उगाना और पशुधन पालना
(4) उद्योगों को सहायता सेवाएं प्रदान करना

**34.** किस सरकार ने राष्ट्रीय मजदूर दिवस समारोह के भाग के रूप में मुख्यमंत्री श्रमिक कल्याण योजना (MMSKY) शुरू करने की घोषणा की है?
(1) मध्यप्रदेश (2) पश्चिम बंगाल
(3) असम (4) अरुणाचल प्रदेश

**35.** भारत में वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था
(1) 1868 (2) 1878
(3) 1872 (4) 1862

**36.** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को अक्सर एक मजबूत एकात्मक पूर्वाग्रह वाली संघीय व्यवस्था के रूप में वर्णित किया जाता है। कौन-सी विशेषता इसे यह एकात्मक पूर्वाग्रह प्रदान करती है?
(1) एकल नागरिकता
(2) राज्यों की सूची
(3) दोहरी नागरिकता
(4) समवर्ती सूची

**37.** अक्टूबर 2023 में, एयर मार्शल की सम्मानित रैंक हासिल करने वाली भारतीय वायु सेना (IAF) की चिकित्सा शाखा से दूसरी महिला अधिकारी बनकर किसने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है?
(1) एयर मार्शल साधना एस. नायर
(2) विंग कमांडर दीपिका मिश्रा
(3) एयर मार्शल पद्मा
(4) शालिजा धामी

**38.** दशकीय जनगणना का संचालन किस मंत्रालय से संबंधित महा पंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा किया जाता है?
(1) वित्त मंत्रालय
(2) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(3) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(4) गृह मंत्रालय

**39.** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में लिंगानुपात सबसे अधिक है?
(1) पुदुचेरी
(2) चंडीगढ़
(3) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(4) दादरा एवं नगर हवेली

**40.** बास्केटबॉल के खेल में, खेल क्षेत्र (playing area) को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?
(1) पिच (2) रिंक (3) कोर्ट (4) फील्ड

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** एक मिश्रण में अम्ल और पानी का अनुपात 5:3 है। यदि इसमें 12 लीटर पानी मिला दिया जाए, तो अम्ल और पानी का अनुपात 5: 6 हो जाता है। इस मिश्रण में अम्ल की मात्रा कितनी है
(1) 4 लीटर (2) 16 लीटर
(3) 8 लीटर (4) 20 लीटर

**42.** रमन और राजू ने 5500 रुपए में एक काम किया। रमन अकेले उस काम को 5 दिनों में पूरा कर सकता है और राजू अकेले उसी काम को 6 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो उन्हें मिलने वाली धनराशि में कितना अंतर होगा?
(1) 600 रुपए (2) 500 रुपए
(3) 700 रुपए (4) 550 रुपए

**43.** $12 \div 3$ of $4 - 88 + 75 + 6 \times 2$ of 15 का मान कितना है?
(1) 228 (2) 118 (3) 198 (4) 168

**44.** 8 दोस्तों के एक समूह का औसत भार 70 kg है। यदि 70 kg भार वाला एक व्यक्ति समूह में शामिल होता है, तो समूह का नया औसत भार कितना है
(1) 73 kg (2) 54 kg
(3) 68 kg (4) 70 kg

**45.** जब एक वस्तु का मूल्य 40% कम कर दिया जाता है, तो उसकी बिक्री में 60% की वृद्धि हो जाती है। बिक्री पर निवल प्रभाव क्या था?
(1) 4% की वृद्धि
(2) 6% की वृद्धि
(3) 7% की कमी
(4) 4% की कमी

**46.** एक परिवार में 9 बेटों की औसत आयु 13 वर्ष है। मां, पिता और बेटों की कुल औसत आयु 20 वर्ष है। यदि मां, पिता से 9 वर्ष छोटी है, तो पिता की आयु कितनी है?
(1) 63 वर्ष (2) 62 वर्ष
(3) 56 वर्ष (4) 61 वर्ष

**47.** यदि 8,000 रुपए की धनराशि पर पहले और दूसरे वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) क्रमश: 800 रुपए और 880 रुपए है, तो वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए?
(1) 10% (2) 12%
(3) 8% (4) 15%

**48.** अमर, अकरम और वैभव मिलकर एक काम को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि अमर, अकरम से तीन गुना तेजी से काम कर सकता है और अकरम, वैभव से दोगुना तेजी से काम कर सकता है, तो वैभव अकेले उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?
(1) 210 दिन (2) 200 दिन
(3) 190 दिन (4) 180 दिन

**49.** दो रेलगाड़िया समान चाल से विपरीत दिशा में चल रही हैं। यदि प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई 255 मीटर है और वे एक-दूसरे को 17 सेकंड में पार करती है, तो प्रत्येक रेलगाड़ी की चाल कितनी है?
(1) 12 m/s (2) 21 m/s
(3) 15 m/s (4) 18 m/s

**50.** एक कार का विक्रय मूल्य 3675 रुपए है। यदि कार को 65 प्रतिशत की छूट पर बेचा जाता है, तो कार का अंकित मूल्य कितना है?
(1) 9800 रुपए (2) 11200 रुपए
(3) 10800 रुपए (4) 10500 रुपए

**51.** यदि एक शर्ट का विक्रय मूल्य और क्रय मूल्य क्रमश: 1050 रुपए और 900 रुपए है, तो लाभ प्रतिशत क्या है?
(1) 25 प्रतिशत (2) 20 प्रतिशत
(3) 16.66 प्रतिशत (4) 18.5 प्रतिशत

**52.** उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका आधार 12 cm और उस आधार के संगत ऊंचाई, आधार की 1/3 है।
(1) 16 $cm^2$ (2) 20 $cm^2$
(3) 24 $cm^2$ (4) 18 $cm^2$

**53.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 11 से विभाज्य है?
(1) 4320 (2) 1442
(3) 8487 (4) 9196

**54.** $0.\overline{427}$ को भिन्न में परिवर्तित कीजिए।
(1) $\frac{400}{999}$ (2) $\frac{420}{999}$
(3) $\frac{423}{990}$ (4) $\frac{423}{999}$

**55.** एक दुकानदार ने अपने सामान का विक्रय मूल्य इस प्रकार अंकित किया कि 20% की छूट देने के बाद उसे 28% का लाभ हुआ। अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

(1) 44% (2) 55%
(3) 66% (4) 60%

**56.** अरुण को वरुण से 20 प्रतिशत कम अंक प्राप्त हुए। राजू को वरुण से 30 प्रतिशत कम अंक प्राप्त हुए। यदि राजू को 140 अंक प्राप्त हुए तो अरुण को कितने अंक प्राप्त हुए?
(1) 200 (2) 160
(3) 180 (4) 150

**57.** 31 × 32 × 33 को 5 से भाग देने पर शेषफल कितना होगा?
(1) 0 (2) 1
(3) 2 (4) 3

**58.** साधारण ब्याज पर एक निश्चित धनराशि 2 वर्षों में 900 रुपए ओर 4 वर्षों में 1080 रुपए हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर कितनी है?
(1) 14 प्रतिशत
(2) 15 प्रतिशत
(3) 14.28 प्रतिशत
(4) 12.5 प्रतिशत

**59.** यदि कुल वस्तुओं का 80 प्रतिशत, 20 प्रतिशत के लाभ पर बेचा जाता है और शेष वस्तुओं को 30 प्रतिशत की हानि पर बेचा जाता है, तो कुल लाभ प्रतिशत कितना होगा?
(1) 14 प्रतिशत (2) 10 प्रतिशत
(3) 12 प्रतिशत (4) 15 प्रतिशत

**60.** दो परीक्षार्थियों M और N के अंकों का अनुपात 10 : 11 हैं। यदि M के अंक 200 हैं, तो N के अंक कितने हैं
(1) 200 (2) 260
(3) 240 (4) 220

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
____small businesses shifted within a year.
(1) Many (2) Quite
(3) Very (4) Little

**62.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Absurd
(1) Salient (2) Asinine
(3) Inept (4) Realistic

**63.** Select the sentence with no spelling errors.
(1) We should be cautious about the acuracy of polls in this case.
(2) We should be cautious about the accuracy of polls in this case.
(3) We should be cuatious about the accuracy of polls in this case.
(4) We should be cautious about the accuracy of palus in this case.

**64.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
After seventeen surgeries, a life-threatening infection, a lost season and months of arduos rehab, Smith returned to the field in October.
(1) surgeries
(2) threatening
(3) arduos
(4) season

**65.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.
Her wedding is **occurring soon**, and she is so nervous about it.
(1) Just around the corner
(2) In hot water
(3) In the dark
(4) Through thick and thin

**66.** Choose the most appropriate antonym of the underlined word.
Much to our collective <u>astonishment</u>, Chris ended up joining the military.
(1) Shock
(2) Awe
(3) Composure
(4) Wonder

**67.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
You get only one <u>chanced to pass</u> the test.
(1) No improvement
(2) chance to pass
(3) chance to passed
(4) chances to pass

**68.** Select the most appropriate meaning of the given idiom
It's a small world
(1) An aggressive and bold confrontation
(2) You frequently see the same people in different places
(3) Eventually, after a long period of time
(4) A competition where the outcome is difficult to judge or predict

**69.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
Many people prefers a heavy breakfast to a heavy lunch.
(1) to a heavy lunch.
(2) No error
(3) Many people
(4) prefers a heavy breakfast

**70.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
I <u>buy most</u> of my books online.
(1) No improvement
(2) buy much
(3) by most
(4) buys most

**71.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error".
The greatly truths in life are usually the most unpleasant to hear.
(1) are usually the
(2) No error
(3) The greatly truths in life
(4) most unpleasant to hear.

**72.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Aroma
(1) Stink (2) Scent
(3) Essence (4) Brazen

**73.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
Hearing a love one's voice can convey emotions without the constant visual reminders of separation
(1) Hearing a love one's voice
(2) can convey emotions without the
(3) constant visual reminders of separation
(4) No error

**74.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
Computers are a common commodity in every homely.

(1) all homely
(2) No improvement
(3) every home
(4) every homes

**75.** From the options given below choose the synonym (similar meaning) of the word:
Alienate
(1) Vacate (2) Estrange
(3) Secure (4) Sever

**Directions (Q.Nos. 76-80) :** In the given passage, four options are given for each blank. Select the most appropriate option to complete the given passage, which also fits contextually as per the word given in the bracket

Education is a powerful tool for (1. growth) ____and personal growth. It equips individuals with knowledge and skills, enabling them to (2. capture)____ opportunities and contribute to society. A well-rounded education not only fosters academic excellence but also encourages (3. out-of-the box)____thinking and creativity. Moreover, education instils (4. virtuous) ____values and ethical principles in individuals, promoting social harmony and responsible citizenship. To ensure the benefits of education are accessible to all, it is essential to eliminate barriers, such as (5. isolation) ____and discrimination, that hinder equal access to quality learning opportunities.

**76.** Fill in the blank (1) with the appropriate word from the options below:
(1) development
(2) desolation
(3) determent
(4) depravation

**77.** Fill in the blank (2) with the appropriate word from the options below:
(1) endure (2) seize
(3) exploit (4) afflict

**78.** Fill in the blank (3) with the appropriate word from the options below:
(1) innovative
(2) orthodox
(3) conventional
(4) uniform

**79.** Fill in the blank (4) with the appropriate word from the options below:
(1) volatile (2) arbitrary
(3) obsolete (4) moral

**80.** Fill in the blank (5) with the appropriate word from the options below:
(1) accessibility
(2) illusion
(3) privilege
(4) seclusion

## PART (D) : हिन्दी

**61.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
तुम कितने <u>तुच्छ</u> व्यक्ति हो।
(1) नालायक (2) महान
(3) छोटे (4) लघु

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
वकालत करना
(1) समर्थन करना (2) सहायता करना
(3) विरोध करना (4) आरोप करना

**63.** दिए गए विकल्पों में से सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
(1) साविन (2) रंजाबा
(3) मोबाइल (4) जबिली

**64.** दिए गए विकल्पों में से अशुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।
(1) माफ कीजिए, मुझसे गलती हो गई।
(2) तुम मेरी बात सुना।
(3) कैसे शिष्य हो तुम जो अपने गुरू की बात नहीं मानते?
(4) क्या तुमने संखया याद कर लीं?

**65.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।
खरी मजूरी, चौखा काम
(1) लाभ के स्थान पर हानि होना
(2) अस्थिरता के कारण कहीं का न रहना
(3) तुरन्त मजदूरी मिलने पर कार्य भी अच्छा होता है
(4) दुष्ट व्यक्ति का प्रेम अस्थिर होता है

**66.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
कुएँ की गहराई <u>मापी नहीं जा सकती</u>।
(1) अपरिग्रह (2) अपरिमेय
(3) अतुल्य (4) माप

**67.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
सकारात्मक सोच के जरिए आप अपने जीवन में आसानी से कुछ भी____कर सकते हैं।
(1) कोशिश (2) हासिल
(3) मतलब (4) प्रोत्साहन

**68.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।
हमारे गाँव का तालाब बहुत ही (गहरा) ____है।
(1) अपार (2) छिछला
(3) दुर्बोध (4) असीम

**69.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
लगभग 200 वर्षों तक भारत के गले में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ी रहीं।
(1) तक भारत के गले
(2) लगभग 200 वर्षों
(3) में गुलामी की
(4) बेड़ियाँ पड़ी रहीं

**70.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
तुझे <u>समज</u> नहीं आया, है न?
(1) समझ (2) समछ
(3) समस (4) समज

**71.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
____करना हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
(1) हँसी-मजाक (2) क्रोध
(3) बातें (4) खेल

**72.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप सही विकल्प है।
बहुत से ऐसे पौधे हैं जिनसे प्राकृतिक रूप से (खर्जू)____दूर किया जा सकता है।
(1) खासी (2) खुजली
(3) बुखार (4) बीमार

**73.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
मेरे विद्यालय में विभिन्न प्रकार के (खेल) ____सिखाएँ जाते हैं।
(1) केलि (2) सूम (3) बारी (4) धूस

**74.** दिए गए शब्द का पर्यायवाची ज्ञात कीजिए।
किरण
(1) यत्न (2) रश्मि (3) बाल (4) कूश

**75.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
<u>कई रेलवे</u> कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(1) कही रेलवे कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(2) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है
(3) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(4) कई रेलवे कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा–

'गोदान' प्रेमचंद की सबसे मशहूर (1)___ है। यह भारतीय किसानों पर लिखा गया महान (2)___है। इस उपन्यास में किसान होरी ओर उसकी बीवी धनिया की (3)___है। समाज में (4)___के मालिक लोग उन्हें अपने दमन के (5)___में ऐसा फाँसते हैं कि वे भूमिहीन मजदूर बन जाते हैं

**76.** रिक्त 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) धात्री
(2) निष्कर्ष
(3) परिकर
(4) कृति

**77.** रिक्त 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) कार्यकर (2) उपन्यास
(3) पक्ष (4) भेंट

**78.** रिक्त 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) रंगरूप (2) चरित्र
(3) प्रेम (4) कहानी

**79.** रिक्त 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) युग
(2) सत्ता
(3) पर्यटक
(4) विज्ञापन

**80.** रिक्त 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) दुष्चक्र
(2) कृतियाँ
(3) प्रभावशाली
(4) पहलवानी

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (4) | 2. (3) | 3. (1) | 4. (4) | 5. (2) | 6. (2) | 7. (3) | 8. (3) | 9. (2) | 10. (3) |
| 11. (2) | 12. (1) | 13. (4) | 14. (2) | 15. (2) | 16. (2) | 17. (2) | 18. (4) | 19. (3) | 20. (2) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (3) | 22. (1) | 23. (3) | 24. (2) | 25. (1) | 26. (2) | 27. (4) | 28. (4) | 29. (1) | 30. (4) |
| 31. (4) | 32. (1) | 33. (2) | 34. (4) | 35. (2) | 36. (1) | 37. (1) | 38. (4) | 39. (1) | 40. (3) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (4) | 42. (2) | 43. (4) | 44. (4) | 45. (4) | 46. (3) | 47. (1) | 48. (4) | 49. (3) | 50. (4) |
| 51. (3) | 52. (3) | 53. (4) | 54. (3) | 55. (4) | 56. (2) | 57. (2) | 58. (4) | 59. (2) | 60. (4) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (1) | 62. (4) | 63. (2) | 64. (3) | 65. (1) | 66. (3) | 67. (2) | 68. (2) | 69. (4) | 70. (1) |
| 71. (3) | 72. (1) | 73. (1) | 74. (3) | 75. (1) | 76. (1) | 77. (2) | 78. (1) | 79. (4) | 80. (4) |

### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (2) | 62. (1) | 63. (3) | 64. (4) | 65. (3) | 66. (2) | 67. (2) | 68. (2) | 69. (1) | 70. (1) |
| 71. (2) | 72. (2) | 73. (1) | 74. (2) | 75. (3) | 76. (4) | 77. (2) | 78. (4) | 79. (2) | 80. (1) |

## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति


**1. (4)**

**2. (3)**
P O L 15
+1 +2 +3 +2
Q Q O 17
+1 +2 +3 +2
R S R 19
+1 +2 +3 +2
S U U 21
+1 +2 +3 +2
T W X 23
+1 +2 +3 +2
U Y A 25

**3. (1)** 18, 36, 54, 72, 90, 108
(अंतर: 18, 18, 18, 18, 18)

**4. (4)** (i) 4+3×6-7÷1=15
(ii) 7×5+2-8÷4=35≠33

**5. (2)**
IGTW : JHUX :: FXQN : GYRO
(+1, +1, +1, +1)

**6. (2)**




R के ठीक दायीं ओर P बैठा है।

**7. (3)**


**8. (3)** GHL : LMQ :: YXM : DCR
(+5, +5, +5)

**9. (2)** M O R A L = 5 7 6 3 8
R I A L = 3 8 5 9
M E T R E = 5 2 1 7 2
L=3 या 8
विकल्प की सहायता से L=3

**10. (3)**




**11. (2)**




C के ठीक बायीं ओर G बैठा है।

**12. (1)** राम की माँ

राम — राम की बहन —— राम की बहन की बहन

**13. (4)** 44, 13, 50, 9, 52, 9

-31 +37 -41 +43 +43


-6×-1 +4×-1 -2×-1 0

**14. (2)** 2, 5, 4, 1, 3

**15. (2)** efgefgefgefgefgefgefg

**16. (2)**

**17. (2)**




**18. (4)**

**19. (3)**

**20. (2)** *=×, #=+, @=+

8×4+5+9 = 46

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (3)**

**22. (1)** फार्मेसी संशोधन विधेयक, 2023 को फार्मेसी अधिनियम, 1948 में संशोधन के लिए पेश किया गया था। इस एक्ट का उद्देश्य जम्मू और कश्मीर फार्मेसी अधिनियम, 2011 के तहत पंजीकृत फार्मोसिस्टों को केन्द्रीय फार्मेसी अधिनियम के तहत फार्मासिस्ट के रूप में मान्यता देता है।

**23. (3)** ड्रॉप – एक शॉट जो धीरे से नेट के ऊपर उतरता है।

फाल्ट – नियम के उल्लंघन करने पर जैसे नेट को छूना या गलत तरीके से

फ्लिक - तेज कलाई की क्रिया का शॉट

किल – एक शक्तिशाली शॉट जिसका उद्देश्य रैली को समाप्त करना।

**24. (2)**

| **लेखक** | **रचनाएँ/पुस्तक** |
|---|---|
| स्वामी योगानन्द परमहंस | योगी कथामृत |
| रविन्द्र नाथ टैगोर | आमार सोनार बंग्ला, गीतांजली |
| श्यामलाल गुप्ता | विजयी विश्व तिरंगा प्यारा |
| हसरत मोहानी | इंकलाब जिंदाबाद |

**25. (1)** क्रम– चन्द्रगुप्त मौर्य - बिन्दुसार - अशोक जबकि वृहद्रथ अन्तिम मौर्य शासक था।

**26. (2)** श्वेत क्रांति - दूध से संबंधित, हरित क्राांति- खाद्यान्न मोटे अनाज से संबंधित

**27. (4)** कथक– उत्तर प्रदेश या उत्तर भारत का शास्त्रीय नृत्य है। यह अपने अभिव्यक्ति पूर्व या भावपूर्ण प्रस्तुति के लिए प्रसिद्ध है। इसमें महाकाव्यों एवं कहानियों का वर्णन किया जाता है।

मणिपुर– यह मणिपुर का शास्त्रीय नृत्य है, जो तरल गतियों और भक्तिपूर्ण विषयों पर आधारित है। इसमें विशेष रूप से कृष्ण आधारित नृत्यों का विशेष वर्णन शामिल है।

भरतनाट्यम– यह नृत्य विशेष रूप से तमिलनाडु में किया जाता है। इसमें अभिव्यक्ति, लय और मूर्तिकला जैसी मुद्राओं का मिश्रण है। यह हिन्दू पौराणिक कथाओं पर आधारित है।

कथकली– केरल का शास्त्रीय नृत्य है, जिसमें विस्तृत पोशाके, मेकअप और विभिन्न मुद्राओं का मिश्रण है। उसमें रामायण एवं महाभारत के पात्रों का सचित्र चित्रण संभव है।

**28. (4)** संविधान का भाग 20 में संविधान संशोधन का वर्णन किया गया है। यह संसद को अधिकार देता है कि संसद संविधान में कुछ जोड़ या हटा सकती है। अनुच्छेद 368 इसे और विस्तृत करता है। सशस्त्र बलों और उनके कार्मिकों के लिए कर्त्तव्यों के बारे में भाग 19 में वर्णन है। 21वे भाग में कुछ विशेष राज्यों के लिए उपबंध दिये गये है। जबकि भाग-22 में संविधान के नामकरण एवं उसके लागू होने की तिथि, (संक्षिप्त नाम, प्रारंभ एवं अधिनियम) आदि का वर्णन है।

**29. (1)** रणजी ट्रॉफी- 2023 का आयोजन ईडन गार्डेन स्टेडियम में किया गया था। यह एक प्रथम श्रेणी का क्रिकेट है, जिसका 89वां सत्र 2023 में आयोजित किया गया। मुम्बई ने विदर्भ को हराकर फाइनल मुकाबले को अपने नाम किया।

**30. (4)** बॉण्डों की खरीद एवं बिक्री को बॉण्ड ट्रेडिग कहते हैं। इसमें वित्तीय बाजारों में ऋण प्रतिभूतियों को खरीद और बिक्री शामिल होती है। बॉण्ड ट्रैडिंग जहाँ नए बॉण्ड जारी किये जाते हैं और द्वितीय बाजार जहाँ मौजुदा बॉण्ड निवेशकों के मध्य व्यापार किया जाता है।

**31. (4)** **बालासरस्वती–** एक प्रसिद्ध नृत्यांगना हैं, जिनका संबंध भरतनाट्यम से है।

**संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार–** भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला पुरस्कार है, नृत्य एवं कला के विशिष्ट योगदान हेतु दिया जाता है।

**कलाश्री–** यह कर्नाटक सरकार द्वारा दिया जाने वाला नागरिक पुरस्कार है।

**कलैमामणि–** कलैमामणि तमिलनाडु राज्य सरकार का एक नागरिक पुरस्कार है, जो कलाकारों को दिया जाता था।

**32. (1)**

**33. (2)** अर्थव्यवस्था में तीन क्षेत्रक थे– प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र। कच्चे माल का उत्पादन प्राथमिक क्षेत्र, एवं कच्चे माल का परिष्करण द्वितीयक क्षेत्र, जबकि परिष्कृत माल को अंतिम उपभोक्ता तक पहुँचाना तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

**34. (4)** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री श्रमिक कल्याण योजना की शुरुआत किया है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य गैर संगठित क्षेत्र को व्यवस्थित करना है।

**35. (2)** 1878 का वर्नाकुलर प्रेस एक्ट प्रेस की स्वतंत्रता को सीमित करने के लिए

लाया गया था। विशेष रूप से एंग्लो-अफगान युद्ध के बाद भारतीय प्रेस ने ब्रिटिश नीतियों के खिलाफ लिखा, जिसे ब्रिटिश हुकुमत ने इसे राजद्रोही सामग्री के रूप में प्रकाशित किया।

**36. (1)**

**37. (1)** एयर मार्शल साधना एस. नायर भारतीय वायुसेना की पहली एयर मार्शल हैं।
विंग कमाण्डर दीपिका मिश्रा वरिष्ठ वायुसेना पायलट हैं।
एयरमार्शल पद्मा बन्दोपाध्याय वायुसेना की पहली महिला एयर मार्शल हैं।
कैप्टन शालिजा धामी- वायुसेना की पहली ग्रुप कैप्टन हैं।

**38. (4)** भारत में जनगणना रजिस्टर जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा किया जाता है। यह गृह मंत्राजय के अधीन कार्य करता है।

**39. (1)**

| राज्य | - | लिंगानुपात |
|---|---|---|
| पाण्डिचेरी | - | 1037 |
| चण्डीगढ़ | - | 818 |
| अण्डमान एवं निकोबार | - | 876 |
| दादरा एवं नगर हवेली | - | 774 |

**40. (3)**

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (4)** प्रश्नानुसार,

$$\frac{5x}{3x+12} = \frac{5}{6}$$

30x = 15x + 60

15x = 60

x = 4

अम्ल की मात्रा (5x) = 5 × 4

= 20लीटर

**42. (2)** रमन - 5, राजू - 6 (6, 5 → 30)

रमन की धनराशी $= \frac{6}{11} \times 5500$

= 3000

राजू की धनराशी $= \frac{5}{11} \times 5500$

= 2500

धनराशी का अन्तर = 3000 ~ 2500

= 500

**43. (4)** 12 ÷ 3 of 4 – 88 + 75 + 6 × 2 of 15

⇒ 12 ÷ 12 – 88 + 75 + 6 × 30

⇒ 1 – 13 + 180

⇒ –12 + 180

⇒ 168

**44. (4)** 8 × 70 = 560

प्रश्नानुसार

नया औसत भारत $\frac{560+70}{9} = 70$ किग्रा

**45. (4)** $40\% - \frac{2}{5}, 60\% - \frac{3}{5}$

मुल्य — 5 : 6

बिक्री — 5 : 8

मुल्य : बिक्री — 25 : 24

प्रश्नानुसार

$\frac{1}{25} \times 100 = 4\%$ की कमी

**46. (3)** प्रश्नानुसार

9 × 13 = 117

11 × 20 = 220 ) अन्तर = 103

(माता + पिता) की आयू = 103

माता की आयू = x

पिता की आयू = x + 9

x + x + 9 = 103

2x = 94

x = 47

पिता की आयू (x + 9) = 47 + 9 = 56

**47. (1)** वार्षिक ब्याज दर

$= \frac{800}{8000} \times 100 = 10\%$

**48. (4)** अमर : अकरम : वैभव

क्षमता - 6: 2 : 1

प्रश्नानुसार

(6+2+1) ×20 = 1×x

x = 180 दिन

**49. (3)** प्रश्नानुसार

$$2x = \frac{(225+225)}{17}$$

$$2x = \frac{450}{17}$$

$$x = \frac{225}{17}$$

**50. (4)** माना अंकित मुल्य = x

प्रश्नानुसार

$x \times \frac{35}{100} = 3675$

x = 10500

**51. (3)** विक्रय मुल्य : क्रयमुल्य

1050 : 900

लाभ–150

लाभ प्रतिशत $= \frac{150}{900} \times 100$

= 16·66%

**52. (3)** त्रिभुज का क्षे. $= \frac{1}{2} \times$ अधार $\times h$

$= \frac{1}{2} \times 12 \times \left(12 \times \frac{1}{3}\right)$

= 24 सेमी$^2$

**53. (4)** विकल्प की सहायता से

**54. (3)** प्रश्नानुसार

$0.4\overline{27}$

$\Rightarrow \frac{427-4}{990} = \frac{423}{990}$

**55. (4)** प्रश्नानुसार

$\Rightarrow \frac{MP}{CP} = \frac{100+P}{100-D}$

$\Rightarrow \frac{MP}{CP} = \frac{128}{80}$ ) 48

$\Rightarrow \frac{48}{80} \times 100 = 60\%$

**56. (2)** अरुण : वरुण : राजू

80 : 100 : 70

×2 ×2 ×2

160 200 140

**57. (2)** $\frac{\cancel{31}^{1} \times \cancel{32}^{2} \times \cancel{33}^{3}}{5} = \frac{6}{5}$

= 1 (शेषफल)

**58. (4)**

2 वर्षो में - 900

4 वर्षो में - 1080

2 वर्षो का ब्याज - 180

1 वर्ष का ब्याज - 90

अब

मुलधन = 900 – 80 = 720

दर $= \frac{90}{720} \times 100 = 12.5\%$

**59. (2)** माना कुल वस्तुओं की संख्या = 100

प्रत्येक वस्तु का मुल्य = 1

प्रश्नानुसार

$100 \times \frac{80}{100} = 80$

शेष बचा वस्तु = 100 – 80 =20

80 को 20% लाभ पर –

$80 \times \frac{120}{100} = 96$

20 को 30% हानि पर –

$20 \times \frac{70}{100} = 14$

कुल योग = 96 + 14 = 110

लाभ प्रतिशत = 10%

60. (4)

| | M | : | N |
|---|---|---|---|
| अनुपात– | 10 | : | 11 |
| | ×20 | | ×20 |
| | 200 | | 220 |

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.(1)** **Many**; (कई) indicates a large number or a significant amount, making it appropriate for the context as it suggests that numerous small businesses shifted within a year.

**Quite**: means to a certain extent or degree

**Very**: is used to emphasize an adjective, doesn't refer to a quantity or number.

**Little**: implies a small amount or degree.

**62.(4)** **"Absurd"** (असंगत) means something that is wildly unreasonable or illogical. While, **Realistic** (यथार्थवादी) refers to having a sensible and practical idea of what can be achieved or expected

**Salient** (प्रमुख) means most noticeable or important

**Asinine** (मूर्खतापूर्ण) means extremely foolish or stupid

**Inept** (अयोग्य) refers to having or showing no skill

**63.(2)** We should be cautious about the accuracy of polls in this case.

Correct spellings are : accuracy (सटीकता), cautious (सतर्क) and polls (मतपत्र)

**64.(3)** correct spelling is **arduous**, which means requiring a lot of effort or hard work. (कठिन)

**threatening**: Correctly spelled; refers to something that poses a danger. (धमकी देने वाला)

**season**: Correctly spelled; refers to a period of the year characterized by particular conditions. (सीजन/ ऋतु)

**65.(1)** **Just around the corner**: means that something is going to happen very soon. (बहुत जल्दी होने वाला)

**In hot water**: means to be in trouble or in a difficult situation. (समस्याओं में होना)

**In the dark**: means to be unaware of something or lacking information about a situation. (अज्ञानता में होना)

**Through thick and thin**: This phrase means to support someone in both good and bad times. (सुख-दुख में साथ देना)

**66.(3)** **"Astonishment"**(आश्चर्य) refers to a feeling of great surprise or amazement. While, **Composure** (शांत) means the state of being calm and in control of one's emotions

**Shock** (सदमा) means a sudden or violent disturbance or impact

**Awe** (श्रद्धा) refers to a feeling of reverential respect mixed with fear or wonder

**Wonder** (आश्चर्य) indicates a feeling of amazement and admiration.

**67.(2)** **"One chance"** effectively communicates that there is only a single opportunity to pass the test

**"one"** specifies that there is only a single opportunity available to pass the test.

**68.(2)** **"It's a small world"**: This idiom means that despite the vastness of the world, you often encounter the same people or hear about them in different places.

दुनिया की विशालता के बावजूद, आप अक्सर समान लोगों से मिलते हैं या उनके बारे में विभिन्न स्थानों पर सुनते हैं।

**69.(4)** The subject **"Many people"** is plural. The correct form should be **"prefer"** to agree with the plural subject.

**70.(1)** No improvement

"I" is a singular subject, and in the present tense, it takes the base form of the verb without "s".

**I buy** (मैं खरीदता हूँ)

**71.(3)** The word **"greatly"** is incorrectly used as an adverb here. The correct word should be **"great"** (महान), as it is an adjective that describes "truths."

**72.(1)** **"Aroma"** (अरोमा) refers to a pleasant and distinctive smell, often associated with food or fragrance. While, **Stink** (दुर्गंध) means a strong and unpleasant smell

**Scent** (खुशबू) indicates a pleasant smell.

**Essence** (सार) refers to the intrinsic nature or the concentrated form of a fragrance

**Brazen** (निडर) means bold or shameless

**73.(1)** Correct phrase is 'loved one's' that indicated beloved person. It consists of the adjective "loved" modifying the noun "one," creating a possessive phrase.

**74. (3)** Replace "homely" ((सादगीपूर्ण) typically means simple or cozy) with "home" (घर), as the sentence suggests that it refers to all homes.
And "every" should be followed by a singular noun.

**75. (1) "Alienate"**(परायापन) means to make someone feel isolated or estranged, causing a separation in feelings or relationships. Similarly,
**Estrange** (अपरिचित) means to cause someone to be no longer close or affectionate
**Vacate** (खाली करना) means to leave or make something empty
**Secure** (सुरक्षित) means to protect or ensure safety
**Sever** (कटना) means to cut off or break a connection

**76. (1)** **Development** (विकास) refers to the process of growth and improvement, This is directly relevant to education, as it emphasizes how education fosters both personal and communal advancement.
**Desolation** (विपत्ति) means a state of complete destruction or emptiness
**Determent** (हानिकारक) means causing harm or damage
**Depravation** (अवस्था) refers to a state of lacking or being deprived of something

**77. (2)** **Seize** (पकड़ना) means to take hold of or take advantage of opportunities, it implies that educated individuals are better positioned to recognize and take advantage of opportunities that come their way.
**Endure** (सहन करना) means to tolerate or withstand
**Exploit** (शोषण करना) can mean to take advantage of something
**Afflict** (दुखी करना) means to cause pain or suffering

**78. (1)** **Innovative** (नवीन) means introducing new ideas or methods, which fits the idea of **"out-of-the-box"** thinking.
**Orthodox** (पारंपरिक) refers to traditional beliefs and practices
**Conventional** (परंपरागत) means based on or in accordance with what is generally done or believed, opposite to "out-of-the-box."
**Uniform** (समान) refers to being the same

**79. (4)** **Moral** (नैतिक) : values refer to principles of right and wrong behavior, which align well with virtuous values.
**Volatile** (अस्थिर) means likely to change rapidly, especially for the worse.
**Arbitrary** (मनमाना) means based on random choice rather than any reason or system.
**Obsolete** (पुराना) means no longer produced or used

**80. (4)** **Seclusion** (अलगाव) means the state of being private or isolated from others. In this context, it refers to situations where individuals or groups may be cut off from the educational resources or community engagement necessary for learning and development.
**Privilege** (विशेषाधिकार) refers to a special right or advantage
**Accessibility** (सुलभता) refers to the quality of being easy to access
**Illusion** (भ्रम) means a deceptive appearance

## PART (D) : हिन्दी

**61. (2)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| तुच्छ | - | महान |
| लायक | - | नालायक |
| छोटे | - | बडे |
| लघु | - | दीर्घ |

**62. (1)** 'वकालत करना' मुहावरे का अर्थ है- समर्थन करना।

**63. (3)** सार्थक शब्द 'मोबाइल' है जबकि अन्य तीनो शब्द निरर्थक है।

**64. (4)** विकल्प (4) में लिखा गया शब्द 'संखया' गलत है। सही शब्द 'संख्या' होगा।

**65. (3)** 'खरी मजूरी, चौंखा काम' लोकोक्ति का सही अर्थ है- तुरन्त मजदूरी मिलने पर कार्य भी अच्छा होता है।

**66. (2)** 'जिसे मापा नही जा सकता' उसके लिए एक शब्द है। अपरिमेय।

**67. (2)** वाक्य को सार्थक बनाने के लिए रिक्त स्थान को विकल्प (2) से भरा जाएगा।

**68. (2)**

| **शब्द** | **- विलोम** |
|---|---|
| गहरा | - छिछला |
| दुर्बोध | - सुबोध |
| असीम | - ससीम |

**69. (1)** शुद्ध वाक्य है- लगभग 200 वर्षो तक भारत के पैरों में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ी रहीं।

**70. (1)** रेखांकित शब्द 'समज' गलत है। सही शब्द 'समझ' है।

**71. (2)** क्रोध करना हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, जबकि हँसी - मजाक, बातें और खेल स्वास्थ्य के लिए अच्छी होती हैं।

**72. (2)** खर्जू तत्सम शब्द है, इसका तद्भव खुजली है।

**73. (1)** 'खेल' शब्द के पर्यायवाची निम्नलिखित है- केलि, क्रीड़ा, प्रतियोगिता, करतब, इत्यादि

**74. (2)** किरण के पर्यायवाची - चमक, प्रकाश, ज्योति, आभा, तेज, प्रभा, रोशनी, इत्यादि है।

**75. (3)** सही वाक्य है- रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।